## एक नजर में

### रेणुका मंडी में किसानों से लिए 10 रुपए अधिक, होगी जांच



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर की रेणुका माता कृषि उपज मंडी में किसानों से वाहन तुलाई के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने का मामला सामने आया है। किसानों से प्रति ट्रॉली 20 रुपये की जगह 30 रुपये लिए जा रहे हैंए यानी 10 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। मंडी में प्रति ट्रॉली तुलाई का शुल्क 20 रुपये निर्धारित है। हालांकि सोमवार को यहां किसानों से प्रति ट्रॉली 30 रुपये वसूले गए। दिनभर में सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं, जिससे बड़े पैमाने पर अतिरिक्त वसूली की आशंका जताई जा रही है। महलगुलारा के किसान मोहम्मद अनीस ने बताया कि सोमवार दोपहर तौल कांटे पर उनसे 30 रुपये लिए गए। उन्होंने कहा कि अधिकांश किसानों को यह जानकारी नहीं होती कि वास्तविक शुल्क 20 रुपये है। कर्मचारी 30 रुपये मांगते हैं और किसान उन्हें दे देते हैं। इस मामले पर मंडी सचिव भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि मंडी में इस तरह की कोई अतिरिक्त वसूली नहीं होती है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि ऐसा हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बाल विवाह अपराध है, अक्षय तृतीया पर टीम ने दी बाल विवाह रोकने की समझाइश



**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर श्रीमती विधि सक्सेना एवं श्री प्रेमदीप सांकला, व्यवहार न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभागके संयुक्त तत्वावधान में जिला व तहसील स्तर पर 02 अलग अलग टीमो का गठन किया गया। एक टीम द्वारा खकनार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया जिसमें सुश्री अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारीए पैरालीगल वॉलेन्टियर्स श्री महेन्द्र जैन, डॉ.फौजिया सोडावाला, डॉ.किरणसिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुश्री विजयासिंह चैहान, समिति के सदस्य श्री मोहन पंवार, मेघा भीड़े, सीमा आसीम पाटील, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती मंदा मोरे के साथ.साथ क्षेत्र की सुपरवाईजर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पुलिस विभाग से एक महिला एवं पुरूष आरक्षक उपस्थित रहे। उक्त दस्ते द्वारा एक स्थल पर पंचनामा बनाकर समझाईस देकर बाल विवाह रूकवाया गया। इस अवसर पर खकनार क्षेत्र में बाल विवाह के संबंध में शपथ भी दिलवाई गई। द्वितीय टीम द्वारा नेपानगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया। जिसमें पैरालीगल वॉलेन्टियर्स लखनलाल लौवंशी, शहजाद अली, पुरूषोत्तम वानखेड़, सुनील शिंदे, पुलिस विभाग से एक पुरूष व एक महिला आरक्षक उपस्थित रहे। बाल विवाह कानूनन अपराध है। यह प्रथा बच्चों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। इस प्रथा से बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होता है। लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 से कम होने पर शादी करना बाल विवाह माना जाता है।

### जिले में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का थाना



### प्रभारियों और स्टाफ ने किया निरीक्षण

**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश तथा नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों में संचालित शासकीय एवं अर्ध.शासकीय बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बैंक सुरक्षा संबंधी आवश्यक मानकों की समग्र रूप से जांच की गई तथा जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। सभी बैंकों में सशस्त्रध्प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता की जांच की गई। बैंक परिसर अंदर व बाहर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थितिए कार्यशीलता एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग क्षमता, डीवीआर बैकअप एवं फुटेज सुरक्षित रखने की व्यवस्था को परखा गया। बैंक के एंट्री एवं एग्ज़िट पॉइंट पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्था / दरवाजे, फ्रेम मेटल डिटेक्टर व बैरिकेडिंगकृका निरीक्षण किया गया। बैंक परिसर में आपातकालीन अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता एवं सक्रियता का परीक्षण किया गया। चोरी/ डकैती रोकथाम के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों औरै व्च् के पालन की समीक्षा की गई। बैंक कर्मचारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं किसी भी सूचना को तुरंत डायलदृ112 पर देने के लिए जागरूक किया गया। थाना स्तर पर बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए।

### अच्छा कर्म अक्षय बनकर जीवनभर देता है फल

**बुरहानुपर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने बताया कि यह तिथि ऐसी तिथि है जिसका किसी भी दिन क्षय नहीं होता यह तिथीं अक्षत पूर्णता रहती है यह तिथि पर लिया गया संकल्प प्रभु पूरा करते हैं। भय कहता है, असंभव है! अनुभव कहता है, खतरा है! तर्क् कहता है, व्यर्थ है! हृदय और आत्म.विश्वास कहता है , एक प्रयास तो कर! यही जीवन में सफ्लता का राज है। अक्षय तृतीया का संदेशरू रुकना नहीं, थकना नहींए क्योंकि सही दिशा में उठाया गया छोटा कदम भी असीम सफलता की ओर ले जाता है। आज का दिन सिखाता है ,जो अच्छा कर्म आज शुरू किया जाए, वह कभी खत्म नहीं होता, वह अक्षय बनकर जीवनभर फल देता है। मेहनत और संकल्प की रोशनी से हर अंधेरा मिट सकता है, बस पहला कदम बढ़ाने की हिम्मत रखें। हर नया प्रयास एक बीज है, जो समय के साथ सफ्लता का वृक्ष बनता है। आज ही अपने सपनों की शुरुआत करें।



# नगर निगम ने आग से बचाव संबंधी मॉक ड्रिल कर दिया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर पालिक निगम द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग के रोकथाम के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। 16 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह नेशनल फायर सर्विस वीक के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ थीम पर के अंतर्गत आशीर्वाद राधेश्याम हॉस्पिटल में डॉक्टर-कर्मचारियों को आग से बचाव की ट्रेनिंग दी गई। शहर में संचालित सभी क्लीनिक हॉस्पिटल में भी आग की रोकथाम के लिए से संबंधित जानकारी देकर मॉक ड्रिल करवाई गई और आग से बचाव के उपाय बताए गए। नगर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया

**16 से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह**

कि सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल जागरूक समाज आपकी रोकथाम के लिए अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है बच्चों और मरीजों की सुरक्षा बढ़ाना आम जनता को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना हर नागरिक की जिम्मेदारी बनाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

निगम अग्निशमन विभाग द्वारा नर्सिंग होम और अस्पतालों के स्टाफ को आग से निपटने, अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करने और सुरक्षित निकासी के तरीके सिखाए जा रहे हैं। फायर इंजीनियर फईम खान ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इन मार्क ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों को सुरक्षित अस्पताल के रूप में तैयार करना। प्रशिक्षण के दौरान राधेश्याम हॉस्पिटल में बताया गया कि आग लगने पर प्राथमिक उपचार फायर एक्सटिंग्विशर, अग्नि शमन यंत्र का सही उपयोग और मरीजों को सुरक्षित बाहर यह अभियान विभिन्न स्थानों पर आम जनता और कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए सतर्क करने के लिए चलाया जा रहा है।



## परशुराम जयंती पर सर्वब्राह्मण समाज ने अस्पताल में दिया कूलर



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** परशुराम जयंती पर सर्व ब्राह्मण समाज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर को एनआरसी वार्ड के लिए कूलर भेंट किया। इसके अलावा स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में रविवार शाम को भगवान परशुराम जी का पूजन.अर्चन कर प्रसादी वितरण किया। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र दीक्षित ने बताया शाहपुर में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित सड़कों की स्थिति को देखते हुए शोभायात्रा का कार्यक्रम स्थगित करते हुए मंदिर में कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे आभार प्रदर्शन हर्षित शुक्ल ने किया।

## भाजपा संगठनात्मक गतिविधियों पर कार्यकर्ता ध्यान करें केंद्रित





**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बुथ लेबल तक संगठन को सक्रियता प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क के माध्यम से आम जनमानस तक केन्द्र व राज्य सरकार की जानकारी पहुचाने तथा मतदाताओं को योजनाओं से लाभान्वीत करने के लिए बैठको का दौर प्रारम्भ हो गया है।

बुरहानपुर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने के निर्देश पर एवं जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, उपाध्यक्ष विरेन्द्र जी तिवारी के मार्गदर्शन में शाहपुर मंडल की बैठक आयोजीत की गई।

इन बैठको में विगत दिनो हुवे पंण्डित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत प्राप्त जानकारी अनुसार बुथ लेबल तक संगठन को मजबुत करने का काम सक्रियता से प्रारम्भ किया गया। बैठक को उपाध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी एवं जिला महामंत्री चिंतामन महाजन द्वारा अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

शाहपुर मंडल अध्यक्ष आकाश जी राखोन्डे द्वारा मंडल के अपेक्षित पदाधिकारीयों की बैठक आयोजीत कर प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के पालनार्थ जानकारी साझा की।

शाहपुर मंडल बैठक में पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजुभाई पाटील एवं शाहपुर नगर परिषद एल्डरमेन रवि जैन , प्रकाश भोई, राजाराम आटोलकर, रमेश चौपडे का भाजपाई अंगवस्त्र, पुष्पहार एवं टोपी पहनाकर सम्मान मंडल पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। संचालन शाहपुर मंडल महामंत्री विठठल किरोचे द्वारा आभार मंडल अध्यक्ष आकाश राखोन्डे द्वारा माना गया।

## शाहपुर नपा अध्यक्ष तिवारी ने स्वजनगणना जानकारी की दर्ज



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर की अध्यक्ष साधना वीरेंद्र तिवारी द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व.जनगणना प्रक्रिया के तहत स्वयं मकान-सूचीकरण की जानकारी दर्ज कर एक प्रेरणादायक पहल की गई। अध्यक्ष ने नगरवासियों को संदेश देते हुए कहा कि अब प्रत्येक नागरिक स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से स्व.जनगणना कर सकता है। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि प्रगणको को भी कार्य में आसानी होगी।

उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज कर जनगणना 2027 को सफल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से पधारे जिला जनगणना प्रमुख विनय श्रीवास्तव एवं जिला योजना अधिकारी, बुरहानपुर लूसिया राउत की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही नगर परिषद शाहपुर से चार्ज अधिकारीध्मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहानए जनगणना लिपिक जगन्नाथ महाजन एवं श्री चेतन महाजन भी उपस्थित रहे। अंत में सभी नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे आगे आएं और स्व.जनगणना के माध्यम से अपने नगर के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## खेलकूद विकास समिति की वार्षिक बैठक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** खेलकूद विकास समिति की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्व प्रथम कुछ नये सदस्यों मे कृष्णदास भगत, राजेंद्र जैन, मनोज मुंशी ,समाधान निम्भोरकर, मुरलीधर पाटिल, विद्यानंद देशमुख, कय्यूम भाई सुरूरी, दानिश अजीम, आरुष महाजन, अमर्ष अग्निहोत्री, आश्विन काटे एवं कुमारी सूचिका दानेवाले का स्वागत अध्यक्ष मेहुल जैन ने किया।

समिति संरक्षक के रूप में गजेन्द्र पाटिल एवं समर्थ चिटनिस व सचिव अमर पाटिल ,कोषाध्यक्ष दीपेश जाधव एवं संयुक्त सचिव सुनील गुजराती का सर्व सम्मति से मनोनयन किया गया। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अगनानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025.26 की अंकेक्षित बेलेंस शिट प्रतुस्त की गई। जिसके अंतर्गत सीए सुनील महेश्वरी द्वारा समिति के आय व्यय का विस्तृत ब्यौरा रखा । समिति के जगदीश हजारी ने बताया कि 1 मई 2026 से सावित्री बाई फुले शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में आयोजित होने वाले 29 वें ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर इस वर्ष शिविर में योगा , बेडमिन्टन, टेबल टेनिस, शंतरंज , कैरम, कराटे एवं कबड्डी का प्रशिक्षण खिलाडियों को दिया जाएगा। जिसमे भास्कर डोंगरे, युवराज यादव, लक्ष्मी शाह, नरेन्द्र बनोरिया, विद्या पाटिल, गौरव खुराना, पंकज चौरे, दीपक सुखेजा, हरीश महाजन, कु.सूचिका दानेवाले, विद्यानंद देशमुख, ऋषभ शाह, कुमारी नुपुर शाह, आरुष महाजन, असलम अंसारी एवं कु.साक्षी व कुमारी भूमिका अपनी सेवाए देंगे। शिविर प्रभारी राजिव राजौरिया, सुनील गुजराती एवं चन्द्रकांत ने बताया कि जो खिलाडी इस शिविर में भाग लेना चाहते है वे 01 मई को सावित्री बाई फुले शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय बुरहानपुर में उपस्थित हों। ठाकुर सुरेन्द्र सिंह शिविर संयोजक एवं मनोज तारवाला शिविर सहसंयोजक होगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का जायजा लेने ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे तिवारी



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों के मद्देनजर आज नगर परिषद् शाहपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी शाहपुर को नंबर 1 बनाने का टारगेट रखते हुवे नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाओं, सफ़ाई कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों एवं गाइड लाइन के अनुसार किए जा रहे कार्यों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री वीरेंद्र तिवारी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कचरे के वैज्ञानिक निपटान की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा स्वच्छता के सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे के पृथक्करण ;सेग्रिगेशनद्धए निस्तारण एवं रिसाइक्लिंग की प्रक्रियाओं को तेज करने पर जोर देते हुए कहा कि गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर में विशेष सफ़ाई अभियान चलाए जा रहे हैं तथा आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

तिवारी ने नगरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने आसपास साफसफ़ाई बनाए रखने में सहयोग करेंए ताकि नगर को स्वच्छ. सुंदर एवं नम्बर 1 बनाया जा सके।

## स्वजनगणना आसान-सुरक्षित प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अंतर्गत स्व.गणना की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है, जो नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करने का सरल और सुरक्षित माध्यम प्रदान करती है। हमारी जनगणना, हमारा विकास की भावना के साथ यह पहल जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाएं, मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें, अपने मकान का सही स्थान ;लोकेशन चिन्हित करें, घर, परिवार एवं सुविधाओं से संबंधित जानकारी भरें, दर्ज जानकारी की जांच कर सबमिट करें, सबमिशन के बाद प्राप्त ैम्प्क् को सुरक्षित रखें।

**स्व.गणना के लाभः-** समय की बचत एवं सुविधाए सटीक एवं पारदर्शी जानकारी का संकलन, डिजिटल माध्यम से तेज एवं सुरक्षित डेटा प्रोसेसिंग, नागरिकों की जानकारी पूर्णतः गोपनीय एवं सुरक्षित।

**जनभागीदारी से होगा विकासः-** जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहींए बल्कि विकास की दिशा तय करने का आधार है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नागरिकगण स्व.गणना कर अपनी डिजिटल जनगणना में अपनी जिम्मेदारी निभाएं और श्मेरी जनगणना, देश की प्रगति के संकल्प के साथ इसे सफल बनाएं।

**एक नजर** वाहन चालकों से उनके निर्धारित रूट और वार्डों में पहुंचने के समय की ली जानकारी

## निगमायुक्त पहुंचे ट्रेंचिंग ग्राउंड, निरीक्षण कर कचरा संग्रहण और वाहनों की कार्यप्रणाली को लेकर दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर नगर निगम आयुक्त सख्त नजर आए। आज सुबह प्रातः बोहरला स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे। आज प्रातः नगर निगम के कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव द्वारा स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु स्वयं ग्राउंड ज़ीरो पर पहुंचकर कचरा संग्रहण वाहनों एवं उनकी कार्यप्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर महोदय ने वाहनों की साफ सफाई एवं उनकी मैकेनिकल स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जिससे कचरा परिवहन के दौरान सड़कों पर गंदगी न फैले। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से उनके निर्धारित रूट एवं वार्डों में पहुंचने के समय की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी वाहन समय पर अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर कार्य सुनिश्चित करें।

संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में बुरहानपुर शहर ओडीएफ प्लस प्लस हो चुका है इसी के चलते हमने स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में बुरहानपुर को फ़ाइव स्टार रेटिंग के लिए अप्लाई किया है इन्हीं कार्रवाइ के चलते पूरे शहर के हर घर से सेग्रीकेटेड कचरा उठे जिसकी नगर निगम में सही तरीके से प्रोसेसिंग हो हर वार्ड में सड़कों नालो बगीचों सार्वजनिक स्थानों से सफ़ाई कार्य का सुपरविजन किया जा रहा है। इसी के तहत निगम आयुक्त द्वारा डोर टू डोर कचरा वाहनों के सब स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया।



सुबह नगर निगम के कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव जी द्वारा स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु स्वयं ग्राउंड ज़ीरो पर पहुंचकर कचरा संग्रहण वाहनों एवं उनकी कार्यप्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर महोदय ने वाहनों की साफसफ़ाई एवं उनकी मैकेनिकल स्थिति का बारीकी से अवलोकन कियाए जिससे कचरा परिवहन के दौरान सड़कों पर गंदगी न फैले। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से उनके निर्धारित रूट एवं वार्डों में पहुंचने के समय की जानकारी ली।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी वाहन समय पर अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर कार्य सुनिश्चित करें। इस अवसर पर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल, रामेश्वर महाजन, एन जी ओ आईसी टीम आदि निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

### निगमायुक्त स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर फील्ड में

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों को लेकर नगर पालिक निगम बुरहानपुर के आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रातः उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सुबह.सुबह गुलमोहर मार्केट पहुंचे, जहां दुकानों के बाहर अवैध रूप से मांडे, अतिक्रमण बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त किया गया। इसके पश्चात मंडी क्षेत्र में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की जांच की गई तथा उन्हें इसका उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। आयुक्त द्वारा सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में और अधिक सुधार लाएं। जयस्तंभ वार्ड में नागरिकों द्वारा बाहर वाहन खडे करने के कारण कचरा वाहनों के संचालन में आ रही बाधा को देखते हुए संबंधित नागरिकों को समझाइश भी दी गई। निरीक्षण के दौरान पान/गुटखा के एक थोक विक्रेता के पास अमानक प्लास्टिक पाए जाने पर 1000 रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं, निगम के ट्रैक्टर में बायोमेडिकल कचरा डाला गया था जांच पडताल में कृष्णा लाइफ केयर अस्पताल की पर्ची एवं बायोमेडिकल कचरा पाए जाने पर आयुक्त के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक की टीम द्वारा अस्पताल पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। आयुक्त श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए शहर में स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।